CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-03-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRP7 User: roushan.jha@timesofindia.com Time: 03-02-2026 21:52 Color:



# ज़मीन विवाद में बेटे पर पिता के अपहरण का आरोप

■ NBT न्यूज, नूंह



पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी छोटे बेटे को किया गिरफ्तार

**पुन्हाना क्षेत्र** के शाह चोखा गांव निवासी इस्माइल के अपहरण और मारपीट मामले में उनके छोटे बेटे जलालुद्दीन उर्फ कालिया पर ही साजिश रचने का आरोप लगा है। जमीन के विवाद ने परिवार को इस कदर बांट दिया कि बेटा ही पिता के खिलाफ खड़ा हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, 26 फरवरी को इस्माइल अपने बड़े बेटे नवाब के साथ पुन्हाना तहसील में जमीन के कागजात निकलवाने गए थे। तहसील से बाहर बिसरू रोड पर दो गाड़ियों में सवार करीब दो दर्जन लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि लाठी-डंडों से लैस इन लोगों ने इस्माइल को जबरन काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में डाल लिया और गांव बिसरू की ओर ले गए। रास्ते में विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने इस्माइल को दोबारा पुन्हाना तहसील के सामने ही छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का दावा है कि इस पूरी वारदात के पीछे छोटे बेटे जलालुद्दीन का ही दिमाग था। आरोप है कि उसने अपने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ मिलकर जमीन पर कब्जे और बेदखली के डर से पिता को रास्ते से हटाने की साजिश रची। घटना का एक विडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग इस्माइल को जबरन गाड़ी में बैठाते दिखाई दे रहे हैं।

इस मामले में पुन्हाना शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी जलालुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस फिलहाल जमीन विवाद और पारिवारिक रंजिश के हर पहलू की जांच में जुटी हुई है।

दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें
t.me/nbtdilli

# आश्रितों को दी गई नौकरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मेयर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि MCD ने करुणामूलक आधार पर 96 मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति प्रदान की है। इन सभी आश्रितों को पर्यावरण प्रबंधन सेवा विभाग में दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम उन परिवारों को संबल प्रदान करने की दिशा में उठाया गया है, जिन्होंने अपने परिजन को सेवा के दौरान खोया है। मेयर यह कहा कि MCD में बीजेपी की सरकार कर्मचारियों के कल्याण, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और भविष्य में भी इसी भावना के साथ कार्य करती रहेगी। पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने बताया कि पिछले एक साल के दौरान MCD ने 1460 सफाई कर्मचारियों को पक्का किया है। इसके अतिरिक्त 562 मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सेनिटरी गाइड, सहायक सेनिटरी इंस्पेक्टर, सेनिटरी इंस्पेक्टर और सेनिटरी अधीक्षक के पदों पर प्रमोशन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

विज्ञापन संख्या: 33/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

**एनटीपीसी लिमिटेड**
में
**निदेशक (वित्त)**

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
23 मार्च, 2026 (15.00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
01 अप्रैल, 2026 (17.00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

## होली के दिन दोपहर बाद चलेगी मेट्रो, नमो भारत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** होली के दिन यदि आप मेट्रो या नमो भारत ट्रेन से सफर करने की योजना बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है। होली के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और NCRTC ने मेट्रो और नमो भारत ट्रेनों का परिचालन दोपहर बाद शुरू करने का फैसला किया है। इसके बाद ट्रेनें अपनी निर्धारित फ्रीक्वेंसी के अनुसार चलेंगी। मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन के अंदर किसी भी प्रकार के रंग का प्रयोग न करें। DMRC के अनुसार, होली के दिन सार्वजनिक अवकाश होने के कारण ट्रेनों का संचालन दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा। इसके बाद रात में सेवाएं अन्य दिनों की तरह निर्धारित समय तक चलती रहेंगी। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर भी यही व्यवस्था लागू होगी। मेट्रो ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे बदली हुई समय-सारिणी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं। वहीं, NCRTC ने भी होली के दिन नमो भारत ट्रेन का परिचालन दिनभर बंद रखने का निर्णय लिया है। नमो भारत का संचालन शाम 5:00 बजे से रात 10:00 बजे तक किया जाएगा।




#ConmanVsCommonMan




© Bennett, Coleman & Company Ltd. All rights reserved

*अक्सर, जल्दबाजी में किए गए काम का अंजाम बुरा हो सकता है।*

**कभी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें और ना ही कोई .apk फाइल डाउनलोड करें और अगर कोई आपको बहकाने की कोशिश करे, तो बस कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।**

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr./04/25/172



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in